# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 15 अक्टूबर 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



GET IT ON
Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान ने पेलिएटिव केयर सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कौनसा स्थान हासिल किया है?

(A) द्वितीय स्थान
**(B) तृतीय स्थान**
(C) प्रथम स्थान
(D) चतुर्थ स्थान

- *राजस्थान ने पेलिएटिव केयर सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया है।*
- *इस उपलब्धि के लिए राजस्थान को 11 अक्टूबर को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।*
- *प्रदेश की ओर से राज्य नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया*
- *होम बेस्ड पेलिएटिव केयर के अन्तर्गत राजस्थान में रेगिस्तानी क्षेत्र, दुर्गम व दूरस्थ क्षेत्रों में प्रभावी सेवाएं दी जा रही हैं*

## Yesterday Revision

⭕. खेरवाड़ा (उदयपुर) के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राजस्थान के पहले KMC लाउंज का 11 अक्टूबर को किसने किया?- बाबूलाल खराड़ी

⭕. खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26 का आयोजन 17 और 18 अक्टूबर को कहां किया जाएगा?-उदयपुर

⭕. राजस्थान के अजमेर में पुष्कर मेला इस वर्ष कब आयोजित होगा?- 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2025 तक

⭕. हाल ही में राजस्थान से किसे समाजसेवा, लोककल्याण के क्षेत्र में योगदान हेतु दुबई में 'राजस्थान रत्न अवार्ड-2025' से सम्मानित किया गया?-डॉ. अरुण चतुर्वेदी

⭕. प्रधानमंत्री अभिम योजना के तहत राजस्थान का पहला क्रिटिकल केयर सेंटर कहां में बनकर तैयार हुआ है?-जयपुर

**01. एशिया इको टूरिज्म नेटवर्क के द्वारा आयोजित ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर कार्यक्रम में राधेश्याम विश्नोई को किस क्षेत्र में योगदान के लिए मरणोपरांत सम्मानित किया गया?**

(A) साहित्य

(B) वन्यजीव संरक्षण

(C) शिक्षा

(D) सामाजिक सेवा



**Important Facts:**

- राजस्थान के मशहूर वन्यजीव प्रेमी राधेश्याम विश्नोई को दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया।
- उन्हें यह सम्मान एशिया इको टूरिज्म नेटवर्क के द्वारा आयोजित ग्लोबल वाइल्डलाइफ फेयर कार्यक्रम में प्रदान किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना है।
- राधेश्याम विश्नोई का वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के प्रति योगदान दशकों तक रहा। उनके प्रयासों से राजस्थान के कई वन्यजीव क्षेत्रों में संरक्षण कार्य को गति मिली

# 02. हाल ही में उदयपुर में 2 दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस की शुरुआत कब हुई?

(A) 11 -12 अक्टूबर 2025

(B) 12 -13 अक्टूबर 2025

(C) 14 -15 अक्टूबर 2025

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

⭕ उदयपुर में 14 -15 अक्टूबर 2025 दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई, जिसमें देशभर से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े दिग्गज शिरकत कर रहे हैं।

⭕ सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया।

⭕ सम्मेलन में केंद्र शासित प्रदेशों के गवर्नर, विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और पर्यटन विशेषज्ञ मौजूद हैं।

⭕ इस दो दिवसीय आयोजन का उद्देश्य भारत के पर्यटन क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए रोडमैप तैयार करना है।

03. हाल ही में राजस्थान सरकार ने किस योजना के तहत एक नई पहल के रूप में "गिव अप" अभियान की शुरुआत की है?

(A) मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना

(B) महात्मा गांधी न्यूनतम आय गारंटी योजना

(C) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत एक नई पहल के रूप में "गिव अप" अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान का उद्देश्य उन लाभार्थियों से पेंशन छोड़ने की अपील करना है जिनकी वार्षिक आय ₹48,000 से अधिक है।
- सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस योजना का लाभ केवल उन्हीं जरूरतमंद नागरिकों को मिलना चाहिए, जो वास्तव में पात्र हैं।
- राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिन व्यक्तियों की वार्षिक आय ₹48,000 से अधिक है, उन्हें स्वेच्छा से पेंशन योजना छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए 15 नवंबर 2025 तक की समय सीमा तय की गई है, जिसके भीतर सभी लाभार्थियों को अपना आय सत्यापन कराना आवश्यक होगा।

04. आयरनमैन स्पेन-2025 चैलेंज कॉन्टेस्ट' में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जयपुर के किस खिलाड़ी ने प्रतियोगिता पूरी कर सफलता हासिल की?

(A) अभिन लुहाड़िया

(B) रोहित चौधरी

(C) विवेक शर्मा

(D) निखिल यादव



**Important Facts:**

⭕ हाल ही स्पेन के केलिया बीच, बार्सिलोना में 'आयरनमैन स्पेन-2025 चैलेंज कॉन्टेस्ट' का आयोजन किया गया।

⭕ जयपुर के मानसरोवर निवासी अभिन लुहाड़िया ने स्पेन ने चैलेंज को कंप्लीट करने में सफलता हासिल कर भारत का परचम लहराया।

⭕ प्रतियोगिता में उन्होंने तीन चरणों में 3.86 किमी समुद्री तैराकी, 180.2 किमी साइक्लिंग और 42.195 किमी फुल मैराथन अपनी क्षमता का परिचय दिया।

05. लखनऊ में आयोजित होने वाली 19वीं डायमंड जुबली अंतरराष्ट्रीय जंबूरी में जोधपुर से किन दो रेंजरों का चयन हुआ है?

(A) ललिता और खुशबू

(B) पूजा और रीना

(C) साक्षी और नेहा

(D) दिव्या और भावना





GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- लखनऊ में आयोजित होनी वाली अंतरराष्ट्रीय जंबूरी में जोधपुर की रेंजर ललिता और खुशबू का चयन हुआ है।
- सनसिटी जोधपुर की ये रेंजर लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाली 19वीं डायमंड जुबली अंतरराष्ट्रीय जंबूरी में राष्ट्रीय दल के साथ शामिल होकर व्यवस्थागत पक्ष को सुदृढ़ करेगी।
- खुशबू कुमारी राजकीय महाविद्यालय व ललिता जाटोलिया जेएनवीयू की छात्रा है।

06. जयपुर की किस बालिका ने 2 घंटे 38 मिनट 54 सेकंड तक लगातार हुला-हूप घुमाकर 15,520 रोटेशन पूरे करते हुए विश्व रिकॉर्ड बनाया?

(A) काव्या शर्मा

(B) तनिष्का टाक

(C) अनन्या चौधरी

(D) रिद्धि जैन



**Important Facts:**

⭕ जयपुर की 6 साल 11 महीने की तनिष्का टाक उन्होंने लगातार 2 घंटे 38 मिनट 54 सेकंड तक हुला-हूप घुमाते हुए 15,520 रोटेशन पूरे किए और अपने आयु वर्ग में विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

⭕ यह रिकॉर्ड 12 सितंबर 2025 को बनाया गया, और 27 सितंबर को लंदन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा इसे आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई।

⭕ पिछले दो वर्षों से तनिष्का हुला-हूप का अभ्यास कर रही थी।
तनिष्का बिना रुके 2 घंटे 38 मिनट 54 सेकंड तक हूप घुमाती रही।

**07. राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की सितम्बर माह जिला रैंकिंग में कौन सा जिला प्रदेश में शीर्ष स्थान पर रहा?**

(A) सीकर

(B) झुंझुनूं

(C) चूरू

(D) नागौर

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से सितम्बर माह शिक्षा की जिला रैंकिंग में चूरू एक बार फिर प्रदेश में टॉप पर रहा है।
- चूरू को 12 बिंदुओं के आधार मिले 105 में से 55 अंक, रैंकिंग में पहली बार शेखावाटी के 3 जिलों का दबदबा, चूरू, सीकर एवं झुंझुनूं का रहा दबदबा,
- सीकर को 54.85 और झुंझुनूं को मिले 54.16 अंक,
- ब्लॉक की रैंकिंग में चूरू जिले का सिद्धमुख प्रदेश में पहले नंबर पर

08. फेल विद्यार्थियों के लिए दोबारा परीक्षा देने हेतु ऑन-डिमांड परीक्षा सिस्टम शुरू करने वाला देश का पहला राज्य कौनसा होगा?

(A) उत्तरप्रदेश

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल ने विद्यार्थियों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है. अब ऐसे सभी फेल विद्यार्थी उसी साल दोबारा परीक्षा देकर पास हो सकेंगे.
- इसके लिए ऑन-डिमांड परीक्षा सिस्टम शुरू किया जा रहा है. राजस्थान ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा.
- इस योजना की औपचारिक शुरुआत 5 सितंबर, शिक्षक दिवस के मौके पर की जा सकती है.
- पहली बार आवेदन प्रक्रिया सितंबर 2025 में शुरू होगी और अक्टूबर में पहली ऑन-डिमांड परीक्षा आयोजित की जाएगी. इसके बाद जनवरी और मार्च 2026 में भी परीक्षाएं होंगी.
- यह परीक्षा जयपुर, बीकानेर और उदयपुर की डाइट में आयोजित की जाएगी

09. हाल ही में दीपिका पादुकोण को हाल ही में भारत सरकार द्वारा किस पद पर नियुक्त किया गया है?

(A) शिक्षा दूत

(B) महिला सशक्तिकरण राजदूत

(C) मेंटल हेल्थ एंबेसडर

(D) स्वच्छता अभियान ब्रांड एंबेसडर



**Important Facts:**

- हाल ही में दीपिका पादुकोण (Deepika Padukone) को Ministry of Health and Family Welfare ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 पर भारत की पहली "मेंटल हेल्थ एंबेसडर" नियुक्त किया।
- इस भूमिका के तहत वे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाने और सामाजिक नकरात्मकता को कम करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर दीपिका पादुकोण को भारत की पहली मानसिक स्वास्थ्य राजदूत नियुक्त किया गया है।

**10. एक्सरसाइज ऑस्ट्राहिंद (AUSTRAHIND) 2025, जिसमें भारतीय और ऑस्ट्रेलियाई सेनाएँ भाग ले रही हैं, कहाँ आयोजित की जा रही है?**

(A) सिडनी

(B) मेलबर्न

(C) पर्थ

(D) कैनबरा

**Important Facts:**

- भारतीय सेना का एक 120 सदस्यीय दल Perth ऑस्ट्रेलिया में 13 से 26 अक्टूबर 2025 तक आयोजित एक्सरसाइज ऑस्ट्राहिंद (AUSTRAHIND) 2025 में भाग ले रहा है।
- इस संयुक्त अभ्यास में भारतीय सेना (Indian Army) और Australian Army शामिल हैं।
- इसका उद्देश्य रक्षा सहयोग को मजबूत करना और आपसी विश्वास को बढ़ावा देना है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. खेलो इंडिया अस्मिता कायाकिंग एवं कैनोइंग लीग 2025-26 का आयोजन 17 और 18 अक्टूबर को कहां किया जाएगा?**

(A) उदयपुर

(B) जयपुर

(C) अजमेर

(D) इनमें से कोई नही

SEARCH ENGINE

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine